दिनांकः 01.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- वित्त वर्ष 2025–26 के केन्द्रीय बजट में नई कर व्यवस्था में सालाना 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं।
- कृषि उत्पादकता और फसल विविधीकरण को बढ़ाने के लिए चयनित 100 जिलों में 'प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना' शुरू की जाएगी।
- "मेक इन इंडिया" पहल को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की स्थापना की जाएगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट को विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बताया–वहीं विपक्षी नेताओं ने कहा–बजट निराशाजनक।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय बजट को जनता की आशाओं पर खरा उतरने वाला बताया।
- आरएएस प्री–2024 परीक्षा कल–परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर क्षेत्र के सभी साइबर कैफे और ई–मित्र बंद रखने के निर्देश।
- जयपुर मैराथन कल होगी–स्थानीय नागरिकों सहित 25 देशों के धावक हिस्सा लेंगे।

000

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में केन्द्रीय बजट 2025–26 प्रस्तुत किया। यह एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इसका लक्ष्य विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र में निवेश में वृद्धि और देश के मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता बढ़ाना है। एनडीए सरकार का लगातार आठवां बजट पेश करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था सभी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।

------------

वित्त मंत्री ने कहा कि नई टैक्स व्यवस्था के तहत अब 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई कर नहीं लगेगा। वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा 75 हजार की मानक कटौती के कारण 12 लाख 75 हजार होगी। सभी करदाताओं को फायदा पहुंचाने के लिए सभी श्रेणियों में कर स्लैब और दरों में परिवर्तन करने के प्रस्ताव हैं।

वित्त मंत्री ने **स्रोत पर कर कटौती– टीडीएस** की दरों और सीमाओं की संख्या कम करके उसे युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कटौती की सीमा पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये की गई है। इसी तरह किराए पर टीडीएस के लिए वार्षिक सीमा दो लाख चालीस हजार से बढ़ाकर छह लाख कर दी गई है। इससे टीडीएस देयता वाले लेन–देनो की संख्या में कमी आएगी और कम भुगतान पाने वाले छोटे करदाताओं को फायदा होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कर व्यवस्था को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार नया आयकर विधेयक पेश करेगी।

बजट की अन्य महत्वपूर्ण बातें इस प्रकार हैं –

- कृषि उत्पादकता और फसल विविधीकरण को बढ़ाने के लिए चयनित 100 जिलों में **'प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना'** शुरू की जाएगी।
- दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए छह साल का मिशन भी शुरू किया जाएगा।
- किसान क्रेडिट कार्ड ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी।
- एमएसएमई क्रेडिट गारंटी कवर को पांच करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव।
- "मेक इन इंडिया" पहल को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की स्थापना की जाएगी।
- भारत को खिलौनों का वैश्विक केन्द्र बनाया जाएगा।

- बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 फीसदी की जाएगी।
- 36 अतिरिक्त जीवनरक्षक दवाओं और औषधियों को मूल सीमा शुल्क से पूरी तरह से छूट दी जाएगी।
- ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी सैकण्डरी स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जाएगी।
- रेहड़ी–पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना को नया रूप दिया जाएगा।
- आईआईटी में साढे छह हजार और मेडिकल कॉलेजों में दस हजार अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी।
- सभी जिला अस्पतालों में कैंसर मरीजों के लिए डे केयर संटर खोले जाएंगे।
- देश के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों के साथ साझेदारी में विकसित किया जाएगा।
- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम उडान के तहत अगले दस सालों में 120 नए गंतव्यों को शामिल किया जाएगा।
- जनजीवन मिशन का विस्तार वर्ष 2028 तक करने की घोषणा।
- राज्यों की भागीदारी से सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम की घोषणा।
- इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की सहायता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की गति दी जाएगी।
- उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपये तक की सीमा वाले विशेष क्रेडिट कार्ड शुरू किये जाएंगे।
- इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स घटाने का एलान किया गया है।
- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के लिए काम करने वाले गिग वर्कर्स का ई श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कर पहचान पत्र जारी किये जाएंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शानदार बजट के लिए वित्तमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ये बजट भारत की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री मोदी ने कहा कि बजट ने युवाओं के लिए कई सेक्टर खोले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा करता है।

------------

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट, युवा, गरीब, किसान, नारी के साथ–साथ समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। खासकर मध्यम वर्ग के लिए ये बजट सौगात लेकर आया है। श्री सिंह ने रक्षा बजट बढाए जाने स्वागत करते हुए कहा कि इससे भूतपूर्व सैनिकों और पेंशनर्स को भी फायदा होगा।

------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए इसे जनता की आशाओं पर खरा उतरने वाला बताया है।

------------

कई विपक्षी नेताओं ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि बजट में मध्यम वर्ग और देश के युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बजट को राजनीति से प्रेरित और किसानों की अनदेखी करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों की एमएसपी मांग को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट में राजस्थान के साथ भेदभाव हुआ है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया और ना ही यमुना जल समझौते को लेकर कोई घोषणा की गई है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि केन्द्रीय बजट राजस्थान की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला है। इस बजट में किसानों के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई है और युवाओं को रोजगार देने की भी कोई योजना नहीं बनाई गई है। राजस्थान को केन्द्र की अनदेखी का शिकार होना पड़ा है।

फिक्की राजस्थान के अध्यक्ष अशोक कजारिया ने एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर बढाने की सराहना की है। उन्होंने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये निवेश और खपत को बढावा देने वाला साबित होगा।

इधर, स्टार्टअप फंडिंग में बढोतरी की घोषणा से प्रदेश के युवाओं में उत्साह है। पाली के स्टार्टअप फाउंडर दिनेश उज्जवला ने कहा कि इससे आत्मनिर्भरता को बढावा मिलेगा।

------------

झुंझुनूं के चार्टर्ड अकांटेंट राहुल भीमराजका ने कहा अमृतकाल का ये बजट सालों तक याद रखा जाएगा। इसका सीधा–सीधा फायदा आम आदमी को होगा।

------------

अजमेर से लघु उद्योग भारती की अध्यक्ष दिव्या सोमानी ने बजट को विकसित भारत की ओर सुनहरा कदम बताया।

------------

000

आरएएस प्री–2024 परीक्षा कल होगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली इस परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 2 हजार 45 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए 6 लाख 75 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। ये परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एक पारी में होगी। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा के आयोजन को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी के अंगूठे का निशान और हस्तलेख का नमूना प्रवेश पत्र पर अनिवार्य रूप से लिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर के क्षेत्र में स्थित सभी साइबर कैफे और ई–मित्र को परीक्षा के दौरान बन्द करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

000

देश की नामी मैराथन में शामिल जयपुर मैराथन का आयोजन कल होने जा रहा है। ये इस मैराथन का 16वां संस्करण होगा। इसकी थीम ''दौड़ते कदमों का उत्सव'' रखी गई है। मैराथन में जयपुर वासियों के साथ 25 देशों के धावक भी हिस्सा लेंगे। मैराथन अलग–अलग श्रेणियों में आयोजित होगी।

000